दैनिक न्याय साक्षी



## संपादकीय

# भारत का क्या रुख?

एक साथ इन दोनों पैंतरेबाजियों का हिस्सा रहना किसी भी देश के लिए संभव नहीं होगा। क्या ये संभव है कि कोई देश साथ-साथ चीन के खिलाफ अमेरिकी लामबंदी और दुनिया पर अमेरिकी वर्चस्व खत्म करने की चीनी योजना का हिस्सा बना रहे? अमेरिकी पत्रिका फॉरेन अफेयर्स को अमेरिकी शासक वर्ग का मुखपत्र समझा जाता है। उसी पत्रिका में आए एक ताजा लेख में साफ कहा गया है कि भारत एक साथ पश्चिमी देशों और रूस-चीन के खेमों में रहे, यह स्थिति ज्यादा लबे समय तक नहीं चल सकती। वो मौका शायद जल्द ही ऐसा आएगा, जब अमेरिका उससे अपना पक्ष चुन लेने के लिए कहेगा। इस राय से सहमत होने की पूरी वजहें हैं। ये दोनों खेमे एक दूसरे के खिलाफ पैंतरेबाजी में जुटे हुए हैं। इसके बीच इन पैंतरेबाजियों का हिस्सा रहना किसी भी देश के लिए संभव नहीं होगा। क्या ये संभव है कि भारत एक साथ चीन के खिलाफ अमेरिकी लामबंदी और दुनिया पर अमेरिकी वर्चस्व खत्म करने की चीनी योजना का हिस्सा बना रहे? इस ताजा खबर पर गौर कीजिए। ईरान ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सामने एक नई मुद्रा तैयार करने का प्रस्ताव रखा है। ईरान ने कहा है कि एससीओ के सदस्य देशों को उसी प्रस्तावित मुद्रा के जरिए आपस में कारोबार करना चाहिए। ईरान ने कहा है कि अपनी मुद्रा होने पर एससीओ के सदस्य देश पश्चिमी प्रतिबंधों के असर से भी खुद बचा सकेंगे। ईरान उन देशों में शामिल है, जिन पर अमेरिका और उसके साथी देशों ने कड़े प्रतिबंध लगा रखे हैं। इन देशों में रूस और चीन भी हैं। गौरतलब है कि रूस और चीन के बीच आपसी मुद्रा में कारोबार में बीते तीन महीनों में भारी बढ़ोतरी हुई है। बीते तीन महीनों में इन दोनों देशों के बीच चार बिलियन डॉलर का भुगतान रुबल और युवान में हुआ। ये उसके एक साल पहले की तिमाही की तुलना में एक हजार प्रतिशत से भी ज्यादा है। तो साफ है कि रूस, चीन और ईरान डॉलर का विकल्प ढूंढना चाहते हैं। क्या भारत भी इस प्रयास में सहभागी बनेगा? और ऐसा हुआ तो क्या अमेरिका को यह बर्दाश्त होगा? जानकारों का कहना है कि अगर एससीओ में ईरान के प्रस्ताव पर सहमति बनी, तो उसे अमेरिकी वर्चस्व वाली अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था के लिए सीधी चुनौती के रूप में देखा जाएगा। अब देखने की बात होगी कि इस जटिल स्थिति से भारत कैसे निपटता है?

## मानसून सत्र में बिजली अधिनियम में संशोधन ला सकती है सरकार : आरके सिंह




**नई दिल्ली।** केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा कि सरकार संसद के मानसून सत्र में विद्युत अधिनियम में संशोधन का विधेयक ला सकती है जिसमें अक्षय ऊर्जा की खरीद के दायित्व का पालन न होने पर अधिक दंड का प्रावधान करने का प्रस्ताव है।

उद्योग मंडल फिक्की द्वारा बिजली क्षेत्र पर यहां आयोजित उद्योग सम्मेलन 'इंडिया एनर्जी ट्रांजिशन समिट 2022' में सिंह ने कहा कि संशोधन में 2-3 अतिरिक्त प्रावधान होंगे, उनमें से एक संशोधन अक्षय ऊर्जा की खरीद के दायित्वों में विफलता पर दंड बढऩे का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इस समय मांग ऊंची है और बाजार की कमी का कोई मुद्दा नहीं है।

श्री सिंह ने यह भी कहा कि अब भारत में बिजली की मांग का सामान्य स्तर 2.05 लाख मेगावॉट होने को है और मांग 160 गीगावॉट से कम कभी नहीं होगी। उन्होंने कहा, विकास के लिए ऊर्जा एक ऐसी चीज है जिस पर समझौता नहीं किया जा सकता है और हम इससे कोई समझौता नहीं करेंगे। हम एकमात्र देश हैं जिसने जलवायु परिवर्तन की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तय प्रतिबद्धताओं (एनडीसी) में से दो को 8-9 साल पहले ही हासिल कर लिया है।'

अक्षय ऊर्जा के भविष्य के बारे में श्री सिंह ने कहा, हम दुनिया में सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ रही आरई क्षमता वाला देश है और हमारे यहां परंपरागत स्रोत से अक्षय की ओर संक्रमण की दर भी सबसे तेज है। मुझे विश्वास है कि हम अक्षय ऊर्जा को इसकी भंडारण क्षमता बढ़ा कर 6.5-7 रुपये प्रति यूनिट की दर से बेच सकेंगे और इस दर पर भी चौबीसों घंटे अक्षय ऊर्जा की मांग रहेगी। सरकार भंडारण की कीमत में कमी लाएगी और भंडारण को और बढ़ाएगी। कुल मिलाकर, हमारी भविष्य की बोलियां चौबीसों घंटे अक्षय ऊर्जा के रूप में बदल जाएंगी।'

हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया की संभावनाओं पर श्री सिंह ने कहा , हमारे पास हरित हाइड्रोजन के लिए नियम हैं और हम हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए प्रोत्साहनों का नये सेट के साथ आएंगे। हम वर्ष 2030 तक हरित ऊर्जा क्षमता 5 लाख मेगावाट और हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया को अपनाकर उस समय तक 7 लाख मेगावॉट तक पहुंच सकते हैं।'

कार्यक्रम में कोयला मंत्रालय में सचिव डॉ एके जैन ने कहा कि भारत में, जहां कुल ऊर्जा खपत का 85 प्रतिशत जीवाश्म ईंधन से आता है, हरित ऊर्जा की ओर संक्रमण के लिए और सार्वजनिक वित्त, सब्सिडी कार्यक्रमों, नियामक व्यवस्था के पूर्णपुनर्गठन के साथ बुनियादी ढांचे में बदलाव की जरूरत है।

उन्होंने कहा, भारत को अपनी अल्पकालिक और मध्यम अवधि की ऊर्जा जरूरतों के प्रति सचेत रहना होगा।' श्री जैन ने अक्षय ऊर्जा में पिछले 2 वर्षों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि को उत्साहजनक बताया।

विद्युत मंत्रालय में सचिव आलोक कुमार ने कहा कि आयात निर्भरता को कम करना भारत के ऊर्जा संक्रमण लक्ष्य का प्रमुख उद्देश्य है तथा गले 20 वर्ष तक अभी कोयला हमारी बिजली उत्पादन व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी बना रहेगा।

## एयरटेल एक्सस्ट्रीम फाइबर ने लद्दाख, अंडमान -निकोबार में उच्च गति ब्रॉडबैंड सेवा की शुरू



**नई दिल्ली ।** भारत की प्रमुख संचार कंपनी भारती एयरटेल ने लद्दाख और अंडमान-निकोबार द्वीप में अपनी फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) ब्रॉडबैंड सेवा-एयरटेल एक्सट्रीम फाइबर की शुरुआत की।

कंपनी ने एक बयान में बताया कि वर्ष 2025 तक एयरटेल एक्सस्ट्रीम फाइबर ने भारत के डिजिटल परितंत्र की सेवा के लिए 2000 शहरों में अपने उपलब्धता को बढ़ाने और स्थापित होम पास (कम्युनिकेशन प्लेटफार्म एज ए सर्विस) में 150 प्रतिशत की वृद्धि कर चार करोड़ तक बढ़ाने की योजना है।

भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के सचिव के राजारमन ने कहा, हम एयरटेल को लद्दाख और अंडमान-निकोबार में अपनी एफटीटीएच सेवा शुरू करने पर बधाई देते हैं। इस क्षेत्र में नागरिकों के लिए हाई स्पीड ब्रॉडबैंड लाने के लिए एयरटेल जैसे निजी संचालकों की पहल को देखना उत्साहजनक है।

भारती एयरटेल में ब्रॉडबैंड बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीर इंदर नाथ ने कहा, हम एयरटेल एक्सस्ट्रीम फाइबर के उच्च गुणवत्ता वाले ब्रॉडबैंड अनुभव को इन क्षेत्रों में लाकर खुश हैं। एयरटेल ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए आगे बढक़र निवेश कर रहा है और अगले तीन वर्षों में देश भर के 2000 शहरों में अपने एफटीटीएच उपलब्धता का विस्तार करने और डिजिटल रूप से जुड़े भारत में योगदान करने की योजना बना रहा है।

## श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को 26 रन से हराया, सीरीज में बराबरी

**पल्लेकेल ।** श्रीलंका ने अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया को वर्षा बाधित दूसरे वनडे में गुरुवार को 26 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। मैच में पहले बल्लेबाज़ी करते हुए श्रीलंका ने 47.4 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 220 रन बनाये, लेकिन बारिश के कारण खेल दो घंटे के लिये स्थगित हो गया और मैच के ओवर घटाकर 43 कर दिये गये। ऑस्ट्रेलिया को 216 रन का संशोधित लक्ष्य मिला लेकिन उसकी टीम 37.1 ओवर में 189 रन पर सिमट गयी। चमिका करुणारत्ना ने 47 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि दुष्मंत चमीरा, धनंजय डिसिल्वा और दुनिथ वेल्लालगे को दो -दो विकेट मिले।करुणारत्ना को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से ग्लेन मैक्सवेल ने सर्वाधिक 30 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया एक समय पांच विकेट पर 170 रन बनाकर मजबूत स्थिति में था लेकिन इसी स्कोर पर मैक्सवेल के आउट होने का बाद कंगारू पारी को सिमटने में ज्यादा समय नहीं लगा।

## क्रिप्टोकरेंसी निवेशक ने एलन मस्क पर ठोका 20 लाख करोड़ रुपए का मुकदमा

**न्यूयॉर्क ।** दुनिया के अमीरों की लिस्ट में नंबर एक पर रहने वाले एलन मस्क का मुश्किलें पीछा नहीं छोड़ रहीं। पहले ट्विटर को खरीदने को लेकर तमाम विवादों ने परेशान किया और अब क्रिप्टोकरेंसी डॉजिक्वॉइन के एक निवेशक ने उन पर मुकदमा ठोक दिया है। अमेरिका की अदालत में दायर यह मुकदमा शायद इतिहास का सबसे बड़ी राशि वाला मुकदमा होगा, जिसमें वादी ने करीब 20 लाख करोड़ रुपये का दावा पेश किया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की मैनहट्टन फेडरल कोर्ट में मुकदमा दायर करने वाले प्लेनटिफ



केथ जॉनसन ने एलन मस्क पर आरोप लगाया है कि उन्होंने अपनी क्रिप्टोकरेंसी को बाजार में चलाने के लिए पिरामिड योजना का सहारा लिया है। जॉनसन ने मस्क के साथ उनकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला और स्पेस टूरिज्म कंपनी स्पेसएक्स को भी मामले में भागीदार बनाया है। जॉनसन ने कहा कि डॉजिक्वॉइन की कीमतें बढ़ाने और फिर से गिराने में मस्क ने पिरामिड योजकहारा लिया है। मुकदमें में 258 अरब डॉलर (करीब 20.38 लाख करोड़ रुपये) का दावा किया गया है।

जॉनसन ने आरोप लगाया कि मस्क सहित सभी प्रतिवादियों को साल 2019 से ही पता था कि डॉजिक्वॉइन की कोई वैल्यू नहीं है। बावजूद इसके उन्होंने मुनाफा कमाने के लिए इसे प्रमोट किया। इतना ही नहीं मस्क ने दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति होने का फायदा भी उठाया और इस उपलब्धि की आड़ में डॉजिक्वॉइन के लिए पिरामिड योजना चलाने और इसमें हेरफेर के लिए इसका इस्तेमाल किया। वादी ने अपने मुदकमे में वॉरेन बफे और बिल गेट्स जैसे अरबपतियों के बयानों को भी शामिल किया है, जिन्होंने क्रिप्टोकरेंसी के मूल्य पर कई बार सवाल उठाए हैं।

एलन मस्क अभी टेस्ला और स्पेसएक्स दोनों ही कंपनियों के सीईओ हैं और उनके या कंपनियों के वकील की तरफ से अभी कोई बयान नहीं आया है। जॉनसन के वकील ने भी यह नहीं बताया है कि उनके पास कौन से सबूत हैं या मिलने की उम्मीद है जिससे यह साबित किया जा सके कि डॉजिक्वॉइन की कोई कीमत नहीं है और इसे पिरामिड स्कीम की तरह चलाया जा रहा है।

## राष्ट्रीय डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क नीति के मसौदे पर परिचर्चा

**नई दिल्ली ।** सरकार ने राष्ट्रीय डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क नीति के मसौदे पर हितधारकों की राय जानने के लिए परिचर्चा की है।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर की उपस्थिति में इस पर हितधारकों के साथ परिचचा की गयी है जिसमें उद्योग, स्टार्ट-अप, अकादमिक, थिंक टैंक, अंतर्राष्ट्रीय सहयोगी और विभिन्न मंत्रालयों के सरकारी अधिकारियों सहित 250 से ज्यादा हितधारक शामिल हुए।




श्री चंद्रशेखर ने भारत में सरकारों और नागरिकों के तीव्र डिजिटलीकरण और आंकड़ों की बढ़ती हुई संख्या पर प्रकाश डाला, जिसके लिए इस डेटा की क्षमता का दोहन करने के लिए एक रूपरेखा तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार का उद्देश्य डेटा गवर्नेंस के लिए एक आधुनिक संरचना का निर्माण करना है जो भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि एनडीजीएफपी का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा केंद्रित अनुसंधान और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को उत्प्रेरित करते हुए सरकार के डेटा संग्रह और प्रबंधन को मानकीकृत करना है।

राज्य मंत्री ने समग्र डेटा पारिस्थितिकी तंत्र में भागीदारी के लिए निजी हितधारकों के महत्व पर प्रकाश डाला और इस नीति और इसके कार्यान्वयन के लिए एक सहयोगी और सहभागी दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए सरकार के फोकस संदर्भ में भी बताया। श्री चंद्रशेखर ने कहा, प्रधानमंत्री व्यापक हितधारकों से प्राप्त व्यापक इनपुट के साथ नीतियों को विकसित करने के लिए सार्वजनिक परामर्श को प्रभावी माध्यम के रूप में प्रोत्साहित करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय भारत की वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी डिजिटल अर्थव्यवस्था और स्टार्टअप के लिए वैश्विक मानक विधियों को सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक परामर्श का पालन करता है।

## यूएस ओपन गोल्फ यूरोस्पोर्ट इंडिया और डिस्कवरी प्लस पर लाइव प्रसारित किया जाएगा

**मुंबई ।** वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी का प्रीमियम स्पोर्ट्स ब्रांड यूरोस्पोर्ट इंडिया ने आज 2022 के तीसरे प्रमुख गोल्फ टूर्नामेंट यूएस ओपन के प्रसारण अधिकारों के अधिग्रहण की घोषणा की। भारत में गोल्फ के प्रशंसक भी डिस्कवरी+ ऐप पर यूरोस्पोर्ट फीड पे स्ट्रीमिंग के माध्यम से टूर्नामेंट का आनंद ले सकेंगे।




72-होल स्ट्रोक प्ले फॉर्मेट यूएस ओपन 2022 अपने 122वें संस्करण में 16-19 जून 2022 तक ब्रूकलिन, मैसाचुसेट्स में कंट्री क्लब कोर्स में खेला जाएगा। इस संस्करण से तीन दशकों से अधिक के अंतराल के बाद चौथी बार कंट्री क्लब में यूएस ओपन की वापसी भी होगी। इसने 1913, 1963 और 1988 में टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। डिफेंडिंग चैंपियन और स्पैनिश गोल्फर जॉन रह्म दुनिया भर के कुछ शीर्ष गोल्फरों के साथ प्रतिष्ठित सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाई देंगे।

साझेदारी से प्रसन्न होकर, यूरोस्पोर्ट इंडिया के प्रमुख रुचिर जैन ने कहा, यूरोस्पोर्ट इंडिया हमेशा भारत में खेल के प्रति उत्साही लोगों के लिए खेल की दुनिया में सर्वश्रेष्ठ लाने की कोशिश करता है। हमने देखा है कि भारतीय गोल्फरों ने बड़े आयोजनों में इस तरह का जबरदस्त प्रदर्शन किया है, जिसमें अनिर्बान लाहिड़ी का भारतीय खेल इतिहास में सबसे अच्छा प्रदर्शन है और अदिति ओलंपिक गोल्फ में भारी प्रगति कर रही है। हम भारत में सभी गोल्फ प्रशंसकों और फॉलोवर्स लिए सबसे बहुप्रतीक्षित गोल्फ प्रमुखों में से एक यूएस ओपन 2022 से लाइव एक्शन लाने के लिए उत्साहित हैं।

यूरोस्पोर्ट इंडिया पीजीए टूर, एलपीजीए टूर और एशियन टूर के कुछ सबसे सम्मानित और प्रतीक्षित गोल्आयोजनों का प्रसारण करता है, और शीर्ष भारतीय गोल्फरों के प्रदर्शन को लगातार प्रदर्शित करता है जिनमें अनिर्बान लाहिरी, अर्जुन अटवाल और अदिति अशोक शामिल हैं।

## आज का राशिफल

***मेष :*** ईश्वरीय आस्था से भौतिक कष्ट दूर होंगे। बुद्धिमत्ता द्वारा हर दिशा में स्वयं को पारंगत साबित करेंगे। जीवन साथी से कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेद की आशंका है।

***बृषभ :*** सगे-संबंधों में अपने अनुकूल अपेक्षा रखना ठीक नहीं है। व्यावसायिक योजनाएं फलीभूत होती नजर आएंगी। मन में कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। माता के स्वास्थ्य के प्रति कुछ चिंताएं रहेंगी।

***मिथुन :*** आंतरिक प्रतिभाओं द्वारा संबंधों में प्रभावी बनेंगे। भबिष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं किंतु कुछ अच्छे आसारों से मन में प्रसन्नता संभव। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी।

***कर्क :*** भौतिकता की लोलुकतावश दूसरों के चढ़ाने में आकर अपनी आर्थिक क्षति कर सकते हैं। रोजगार में अच्छी आशाएं प्रसन्नता लाएंगी। कुछ घरेलू चिंताओं से मन ग्रसित होगा।

***सिंह :*** किसी पुराने संबंधी से निकटता बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों के प्रति सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। भौतिकता के आधार पर थोड़ा असंतोष हो सकता है।

***कन्या :*** कुछ नई अभिलाषाएं आपको हतोत्साहित करेंगी। नये दायित्वों की पूर्ति हेतु परिश्रम तीव्र होगा। सगे-संबंधों में व्यवहार कुशल बनें। घरेलू वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा।

***तुला :*** दुविधाओं को त्याग सही योजनाओं पर केंद्रित होंगे। सगे-संबंधियों के बीच रह-रहकर भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी। आवेश व उच्छृंखलता पर नियंत्रण रखें।

***वृश्चिक :*** निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां परेशान करेंगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। आर्थिक सुदृढ़ता हेतु मन प्रयत्नशील होगा। कार्यक्षेत्र में लोकप्रिय होंगे।

***धनु :*** नई सकारात्मक सोच से प्रगति के आसार बढ़ेंगे। दूसरों की सफलता को देख अपने अंदर हीनता न आने दें। दुनियादी में समय देने से अच्छा होगा कि थोड़ा घर में समय देने की चेष्टा करें।


***मकर :*** धनागम के नये स्रोत बनेंगे। भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग हों। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कार्यों की समयानुकूल व सकुशल पूर्ण करने में सक्षम होंगे।

***कुंभ :*** किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। नई आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

***मीन :*** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने की चेष्टा करें। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी किंतु सामाजिक मर्यादा का उल्लघंन न होने दें। भौतिक-सुख साधन हेतु व्यय संभव। घर में खुशहाली रहेगी।

## भावपूर्ण किरदारों के मिलने से खुश हैं नुसरत भरुचा

बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म जनहित में जारी में किए गए काम को लेकर बेहद संतुष्ट हैं। दिबाकर बनर्जी की अत्यधिक प्रयोगात्मक एंथोलॉजी ड्रामा लव सेक्स और धोखा और प्यार का पंचनामा जैसी फिल्मों में बोल्ड और ग्लैमरस भूमिकाओं के साथ अपने करियर की शुरुआत करने वाली नुसरत ने गियर बदलते हुए और फिल्मों में अधिक परिभाषित भूमिकाएं निभाई हैं।



इसके बारे में बात करते हुए, नुसरत ने कहा कि प्यार का पंचनामा, प्यार का पंचनामा 2 और सोनू के टीटू की स्वीटी के समय, मेरी चाची कहती थीं, अगली बार तू कुछ ऐसी फिल्म क्यों नहीं करती जहां पर तू वास्तव में कुछ कर रही हो, फिर जब छलंग, छोरी जैसी फिल्में या अजीब दास्तान जैसी वेब प्रोजेक्ट आई तो मैं एक अभिनेत्री के रूप में संतुष्ट महसूस करने लगी। व्यक्तिगत रूप से, एक अभिनेत्री के रूप में, मैं बेहद खुश हूं मैंने अपने लिए जिस तरह की जगह बनाई है।

उन्होंने आगे उल्लेख किया, यदि आपको एक फिल्म के लिए माना जाता है, लेकिन चीजें काम नहीं करती हैं, तो यह ठीक है, लेकिन सबसे ज्यादा दुख तब होता है जब आपको किसी विशेष परियोजना के लिए भी नहीं माना जाता है। उस चरण में, आपका दिमाग या तो आपको डुबो सकता है या आपका नेतृत्व कर सकता है।

## जल्द ही अनन्या संग ऑनस्क्रीन नजर आएंगे शाहिद कपूर

बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर और अनन्या पांडे को हाल ही में आईआईएफए 2022 के अवॉर्ड्स इवेंट्स में परफॉर्म करते हुए देखा जा चुका है।



दोनों की एक साथ परफॉर्म करते हुए देखने के उपरांत बॉलीवुड इंडस्ट्री के कई कास्टिंग डायरेक्टर्स की निगाह शाहिद कपूर और अनन्या पांडे की जोड़ी पर है। हालांकि फैंस भी शाहिद कपूर और अनन्या पांडे को बतौर लीड जोड़ी के रूप में देखने की प्रतीक्षा कर रहे है। खैर आपको अब और उम्मीद करने की जरूरत नहीं है क्योंकि शाहिद के पास अब आपके लिए जिसका जवाब है कि क्या हम उन्हें और अनन्या को जल्द ही एक मूवी में साथ देख सकते हैं।

शाहिद कपूर और अनन्या पांडे को आईआईएफए 2022 में शानदार प्रदर्शन करते हुए देखा जा चुका है।

## गर्मियों के लिए बेस्ट एपेटाइजर है 'बाजरा-मोरिंगा सूप'



सूप तो सर्दियों में बेस्ट एपेटाइज़र का काम कता है। ऐसे में गर्मी का क्या? क्यों न इस गर्मी कोल्ड सूप ट्राई करें। यह कोल्ड सूप बाजरे से बनाया गया है। आइए जानते हैं इसकी रेसिपी।

### सामग्री :

50 ग्राम बाजरे का आटा, 1/2 लीटर छाछ, चुटकी भर सेंधा नमक, 1 टेबलस्पून देसी घी, 1/2 टीस्पून हल्दी पाउडर, 2 साबुत लाल मिर्च, चुटकी भर हींग, 1/2 टीस्पून भूना जीरा पाउडर, 1/2 कटोरी मोरिंगा के फूल (ड्रमस्टिक्स यानी सहजन का फूल),

### विधि :

- एक गहरे बर्तन में बाजरे का आटा और छाछ अच्छी तरह मिलाएं। इसमें लगभग एक कप पानी मिलाएं।

- कड़ाही में देसी घी गर्म होने के लिए रखें। इसमें हींग और मिर्च डालें। अब इसमें मोरिंग के फूल डालकर कम से कम पांच मिनट मीडियम आंच पर भूनें।

- अब इसमें बाजरे का आटा और छाछ का मिश्रण डालें और लगातार चलाते रहें। जब उबाल आ जाए, तो गैस मध्यम कर दें और हल्दी के साथ नमक डालकर 5-7 मिनट तक चलाते रहें। जब सूप ठंडा हो जाए तो इसे बोल में निकालें। फिर थोड़ी देर के लिए फ्रिज में रखकर दें। सर्व करने से पहले अच्छी तरह चलाएं और लुत्फ उठाएं।

### टिप्स

यह बहुत ही हल्का और सुपाच्य है। सूप के ऊपर से फ्राइड प्याज की स्लाइस और फ्राई किए हुए ब्रेड चंक्स डालें। ऐसा करने से सूप का स्वाद बढ़ जाएगा।


## शब्द सामर्थ्य- 106

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 105 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## सू-दोकू- 106

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 105 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8/2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |